# कक्षा–12 NCERT भूगोल (मानव भूगोल के मूल सिद्धांत)

## अध्याय–01 (मानव भूगोल–प्रकृति एवं विषय क्षेत्र) – नोट्स भाग–1

## Youtube Channel Name : Siddhi Vinayak Sangaria

**Channel Link- https://www.youtube.com/channel/UCJlUDM0uPIL7kEO0ZMdDcHg**

**Telegram link - https://t.me/siddhivinayaksangariamukesh (Siddhi Vinayak Sangaria)**

---

**1. "मानव भूगोल, अस्थिर पृथ्वी और क्रियाशील मानव के बीच परिवर्तनशील संबंधों का अध्ययन है" यह कथन किस भूगोलवेत्ता का है?**

(1) रेटजेल (2) एलन सेम्पल (3) ब्लाश (4) ग्रिफिथ टेलर

**2. मानव भूगोल की कौनसी संकल्पना प्रकृति की सर्वोच्चता में विश्वास करती है?**

(1) पर्यावरणीय निश्चयवाद (2) संभववाद (3) नवनिश्चयवाद (4) प्रत्यक्षवाद

**3. "रुको और जाओ निश्चयवाद" विचारधारा का प्रतिपादन किसने किया था?**

(1) रेटजेल (2) एलन संपल (3) ब्लाश (4) ग्रिफिथ टेलर

**4. मानव को प्रकृति के अनुसार स्वयं को ढाल लेने की प्रक्रिया कहलाती है?**

(1) अनुसरण (2) अनुग्रहण (3) प्राकृतिकरण (4) मानवीकरण

**5. शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आवास से संबंधित विचारधारा है–**

(1) व्यवहारवादी (2) कल्याणपरक (3) आमूलवादी 4) रेडिकल

**6. मानव भूगोल को परिभाषित कीजिए।**

मानव और भौतिक पर्यावरण के मध्य मानवीय अंतर्संबंधों का अध्ययन करने वाला भूगोल, मानव भूगोल कहलाता है।

**7. मानव भूगोल की कोई 4 उपक्षेत्रों के नाम बताइए।**

मानव भूगोल के उपक्षेत्र निम्नलिखित हैं–

1 व्यवहारवादी भूगोल

2 ऐतिहासिक भूगोल

3 चिकित्सा भूगोल

4 संसाधन भूगोल

**8. भूगोल के अध्ययन का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

भूगोल के अध्ययन का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी को मानव के घर के रूप में समझना और उन सभी तत्वों का अध्ययन करना है, जिन्होंने मानव को पोषित किया है।

**9. भौतिक पर्यावरण के तत्व बताइए।**

भू–आकृति, मृदा, जलवायु, जल, प्राकृतिक वनस्पति आदि भौतिक पर्यावरण के तत्व हैं।

Youtube Channel : Siddhi Vinayak Sangaria

**10. मानव भूगोल की प्रकृति कैसी है?**

मानव भूगोल की प्रकृति अंतर–विषयक है।

**11. रैटजेल के अनुसार मानव भूगोल को परिभाषित कीजिए।**

रैटजेल के अनुसार– "मानव भूगोल, मानव समाजों और धरातल के बीच संबंधों का संश्लेषित अध्ययन है।

**12. भूगोल की दो मुख्य शाखाओं के नाम बताइए।**

भूगोल की दो मुख्य शाखाएं निम्न हैं–

1 भौतिक भूगोल

2 मानव भूगोल

**13. पर्यावरणीय निश्चयवाद में किसकी शक्ति की प्रधानता होती है?**

पर्यावरणीय निश्चयवाद में प्रकृति की शक्ति की प्रधानता होती है।

**14. पर्यावरणीय निश्चयवाद और संभववाद के बीच मध्यमार्ग को कौनसी संकल्पना परिलक्षित करती है? इस संकल्पना का प्रतिपादन किसने किया था?**

पर्यावरणीय निश्चयवाद और संभववाद के बीच मध्यमार्ग को नवनिश्चयवाद अथवा रुको और जाओ निश्चयवाद संकल्पना परिलक्षित करती है। इस संकल्पना का प्रतिपादन ग्रिफिथ टेलर ने किया था।

**15. मानव भूगोल के संबंध में सेंपल ने प्रमुख रूप से किन बातों पर बल दिया है?**

मानव भूगोल के संबंध में सेंपल ने अस्थिर पृथ्वी और क्रियाशील मानव के बीच परिवर्तनशील संबंधों के अध्ययन पर बल दिया है।

**16. प्रौद्योगिकी ने किस प्रकार संभववाद को जन्म दिया?**

प्रौद्योगिकी ने प्राकृतिक संसाधनों के विषय में समझ पैदा कर एवं विभिन्न संभावनाओं को जन्म देकर संभववाद को जन्म दिया।

17. **आदि मानव समाज और प्रकृति की प्रबल इच्छा शक्तियों के बीच होने वाली अन्योन्य क्रिया को किस शब्दावली** से अभिव्यक्त किया जाता है?

आदि मानव समाज और प्रकृति की प्रबल इच्छा शक्तियों के बीच होने वाली अन्योन्य क्रिया को पर्यावरणीय निश्चयवाद से अभिव्यक्त किया जाता है।

**18. आर्थिक भूगोल के चार उपक्षेत्रों के नाम लिखिए।**

आर्थिक भूगोल के चार उपक्षेत्र निम्नलिखित हैं–

1 संसाधन भूगोल

2 कृषि भूगोल

3 उद्योग भूगोल

4 पर्यटन भूगोल



Youtube Channel : Siddhi Vinayak Sangaria

**19. राजनीतिक भूगोल के दो उपक्षेत्र कौनसे हैं?**

राजनीतिक भूगोल के दो उपक्षेत्र निम्नलिखित हैं–

1 निर्वाचन भूगोल

2 सैन्य भूगोल

**20. 'निर्वाचन भूगोल' मानव भूगोल के किस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला उपक्षेत्र है?**

निर्वाचन भूगोल, राजनीतिक भूगोल के अंतर्गत आने वाला उपक्षेत्र है।

**21. मानव भूगोल किस प्रकार अन्य सामाजिक विज्ञानों से संबंधित है?**

मानव भूगोल की प्रकृति अत्यधिक अंतर–विषयक है, क्योंकि इसमें मानव और भौतिक पर्यावरण के बीच अंतर्संबंधों का अध्ययन किया जाता है। अतः इसका सामाजिक विज्ञानों से गहरा संबंध है। जैसे– मानव विज्ञान, राजनीतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाज शास्त्र, मनोविज्ञान, इतिहास, कृषि विज्ञान आदि।

**22. मानव के प्राकृतिकरण की व्याख्या कीजिए।**

मानव के प्राकृतिकरण से तात्पर्य 'मानव को प्रकृति के अनुसार स्वयं को ढाल लेने से है। आदिम काल में प्रौद्योगिकी का स्तर निम्न होने के कारण मानव ने प्रकृति के आदेशों के अनुसार स्वयं को ढाल लिया क्योंकि वह उस समय प्राकृतिक शक्तियों से डरता और उनकी पूजा करता था।

**23. प्रकृति का मानवीकरण किसे कहते हैं?**

मानव द्वारा प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके प्रकृति को अपने अनुसार ढाल लेना प्रकृति का मानवीकरण कहलाता है।

**24. ''प्रकृति का ज्ञान प्रौद्योगिकी को विकसित करने के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।'' तीन उदाहरण देते हुए इस कथन की पुष्टि कीजिए।**

प्रकृति का ज्ञान प्रौद्योगिकी को विकसित करने के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण होता है, साथ ही प्रौद्योगिकी मानव पर प्रकृति की बंदिशों को कम करने में सहायता करती है। इसे निम्न तीन उदाहरणों द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है–

1. घर्षण व उष्मा की सोच ने मानव को आग की खोज में सहायता की।
2. डीएनए तथा आनुवांशिकी के रहस्यों ने मानव को अनेक बीमारियों पर विजय पाने में सहायता की।
3. वायु के गति के नियमों के प्रयोग से मानव अधिक तीव्र गति से चलने वाले वायुयान विकसित कर पाया।

**25. 1970 के दशक में मानव भूगोल में किन विचारधाराओं का उदय हुआ? नाम लिखिए।**

1970 के दशक में मानव भूगोल में निम्न तीन विचारधाराओं का उदय हुआ–

1 कल्याणपरक अथवा मानवतावादी विचारधारा

2 आमूलवादी (रेडिकल) विचारधारा

3 व्यवहारवादी विचारधारा

Youtube Channel : Siddhi Vinayak Sangaria

**26. पर्यावरणीय निश्चयवाद, संभववाद और नवनिश्चयवाद में अंतर लिखिए।**

| पर्यावरणीय निश्चयवाद | संभववाद | नवनिश्चयवाद |
|---|---|---|
| इसमें प्रकृति को अधिक प्रभावी माना गया है। | इसमें मानव को अधिक प्रभावी माना गया है। | इसमें प्रकृति और मानव में सांमजस्य पर जोर दिया है। |
| इसमें मानव, प्रकृति का दास है। | इसमें मानव, प्रकृति का स्वामी है। | इसमें मध्य मार्ग को अपनाया गया है। इसे 'रुको और जाओ' विचारधारा भी कहा जाता है। |
| इसमें नितांत आवश्यकता की स्थिति है। | इसमें नितांत स्वतंत्रता की स्थिति है। | यहाँ न तो नितांत आवश्यकता की स्थिति है और न ही नितांत स्वतंत्रता की स्थिति है। |
| प्रमुख विचारक– रेटजेल (जर्मनी), एलन सेम्पल (अमरीका) | विडाल–डी–ला–ब्लाश (फ्रांस) | ग्रिफिथ टेलर (अमरीका) |

---

**भूगोल के प्रत्येक अध्याय को अच्छे से समझने के लिए**
**सिद्धि विनायक संगरिया यू–ट्यूब चैनल पर आप वीडियो देखें।**
**इसके लिए आपको चैनल की प्ले–लिस्ट NCERT Geography|2021-22|Class 12**
**( https://www.youtube.com/playlist?list=PLIlq5TfwxGWHvzdSsfQhFHa2CUi1JER_A )**
**में अध्यायवार सभी वीडियो एकसाथ मिलेंगे। आप भी पढ़ें और**
**अपने साथियों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें।**
**धन्यवाद**
**सिद्धि विनायक संगरिया टीम**

---

Youtube Channel: Sidhi Vinayak Sangaria